समाचार

राजस्व मंत्री करेंगे दर्री व बुधवारी में पौनी पसारी बाजार का लोकार्पण

(योजना के हितग्राहियों को प्रदान करेंगे आबंटन पत्र)

कोरबा 08 अगस्त 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 09 अगस्त को प्रातः 10 बजे दर्री प्रेमनगर में नवनिर्मित पौनी पसारी बाजार का लोकार्पण करेंगे। इसी प्रकार दोपहर 1 बजे बुधवारी बाजार कोरबा में नवनिर्मित पौनी पसारी बाजार का लोकार्पण उनके करकमलों से किया जाएगा।

इसके साथ ही राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल पौनी पसारी बाजार के हितग्राहियों को चबूतरों का आबंटन पत्र भी प्रदान करेंगे। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा की जाएगी तथा इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण विशिष्ट रूप से उपस्थित रहेंगे।